तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,14 मार्च 2024

12 कौला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर समाप्त



12 भाजपा में ही मिलता है निष्ठावान कार्यकर्ता को सम्मान



## खबर संक्षेप

### 51 किलो चूरापोस्त समेत आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र नजदीक वैष्णो ढाबा से सूचना के आधार पर सीआईए-1 आरोपी जगजीवन सिंह को 51 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त व कैंटर सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी जगजीवन सिंह मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने गांव सकराहो के पास नाकाबंदी कर आरोपी का कैंटर रोक लिया। तलाशी लेने पर कैंटर से 51 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### 10 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र ग्रीन पार्क से हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने ग्रीन पार्क के पास नाकाबंदी कर आरोपी सूरज को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उससे 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### हेरोइन सहित आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर से पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी सुनील उर्फ विक्की को 15-57 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे रिमांड पर लिया गया है।

### पानीपत में फंदे पर लटकी मिली युवती

पानीपत। पानीपत के गांव हथवाला निवासी 22 वर्षीय निधि का शव उसके ही घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। वहीं थाना समालखा पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव व घटनास्थल की जांचा करवाई। पुलिस ने जांच के बाद निधि के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

# शराबी पति ने ईंट मार कर पत्नी को मार डाला

## शराब के लिए मांगे थे रुपये, नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया



**पानीपत।** पानीपत की साईं कालोनी में मंगलवार को पति अजय ने अपनी पत्नी पारूल की हत्या कर दी। अजय शराब पीने का आदी है और वह शराब के लिए पारूल से रुपये मांगता था। रुपए नहीं मिलने से नाराज अजय ने पारूल के सिर में ईंट मार कर उसे धायल कर दिया फरार हो गया। मारपीट देख पारूल के पुत्र पारस ने अपने मामा गगनदीप निवासी एकता विहार कालोनी को मोबाइल फोन पर इसकी सूचना दी। गगनदीप, पारूल के पास पहुंचा, पारूल बेहोशी की हालत में खून से लथपथ फर्श पर पड़ी थी। भाई उसे लेकर असपताल पहुंचा, जहां प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद डॉक्टरों ने पारूल को पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। जहां मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने पारूल को मृत घोषित कर दिया। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद पारूल का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। जबकि गगनदीप की शिकायत पर उसकी बहन पारूल की हत्या के आरोप में उसके पति अजय पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

- पुलिस ने हत्यारे पति को किया गिरफ्तार

## पानीपत में फैक्टरी कर्मी की सिर में ईंट मारकर हत्या

**पानीपत।** पानीपत की साईं कालोनी में 50 वर्षीय सुरेश कुमार के सिर में ईंट मार कर उसकी हत्या कर दी गई। सुरेश का शव उसके घर के पास खाली प्लाट में खून से लथपथ पडा मिला। वहीं, एक बच्चे ने सुरेश को खून से लथपथ हालत में प्लाट में पडे देखा और इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जांच के बाद सुरेश के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से वह ईंट बरामद की है जिससे कथित रूपसे प्रहार कर सुरेश के सिर पर प्रहार कर हत्या की गई है। इधर, पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव व घटनास्थल की जांच करवाई है। वही, पुलिस की जांच में पता चला कि सुरेश व उसके परिजनों की किसी से रंजिश नहीं थी। सुरेश हर रोज शाम को सैर करने जाता था। मंगलवार की शाम को भी सुरेश घर से सैर के लिए निकला था। वही थाना चांदनी बाग पुलिस ने सुरेश की हत्या के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज किया।

- सुरेश का शव उसके घर के पास खाली प्लाट में खून से लथपथ पड़ा मिला

## पत्नी की हत्या करने के मामले में पति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** गांव खदरी में दो दिन पहले महिला की मौत साइलेंट अटैक से नहीं हुई थी, बल्कि उसके पति ने ही उसकी गला दबाकर हत्या की थी। इसका खुल्लासा आरोपी ने पुलिस पूछताछ में किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत 11 मार्च को गांव खदरी निवासी 25 वर्षीय साइना की अचानक मौत हो गई थी। उसके गले पर निशान पाए गए थे। मृतक के पति ने उस समय उसकी मौत साइलेंट अटैक से होना बताया गया था। मगर गले पर मिले निशान के आधार पर पुलिस ने जांच की और शक के आधार पर उसके पति फिरोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

- आरोपी ने पूछताछ में वारदात करना किया स्वीकार

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी। मामले की जांच कर रहे बुड़िया थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपित फिरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दिया।

# नाबालिग से कुकर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से कुकर्म करने के दोषी प्रभाकर सिंह पुत्र राजपाल वासी जरोआ जिला हरदोई को 20 साल कारावास व 25 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 19 जनवरी 2021 को थाना केयूके कुरुक्षेत्र एरिया वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके नाबालिग बेटे उम्र 13 वर्ष ने उसको बताया कि उसके साथ प्रभाकर सिंह पुत्र राजपाल वासी जरोआ जिला हरदोई ने कईं बार गल्त काम किया है व वीडियो बना ली है। आरोपी ने गलत काम बारे बताने पर वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी है। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच थाना प्रभारी/निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा की गई। नाबालिग पीड़ित के बयान अदालत में कलमबद्ध करवाये गए व बाल कल्याण समिति में काउंसलिंग करवाई गई। मामले की तफतीश के दौरान आरोपी प्रभाकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

- आरोपी पर 25 हजार रुपये जुर्माना किया



### जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी

मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी प्रभाकर सिंह को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा-4 के तहत 20 साल का कारावास 15 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 9 माह का अतिरिक्त कारावास, आईपीसी की धारा-377 के तहत 10 साल का कारावास 08 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, आईपीसी की धारा-506 के तहत 1 साल का कारावास 2 हजार जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे: कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा मंत्री मंडल में दोबारा कैबिनेट बनाए जाने पर जगाधरी के विधायक कंवरपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने देने का अपना वादा दोहराया।

- प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे

कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे। जिस गति के साथ प्रदेश में पिछले साढ़े 9 वर्षों में विकास हुआ है। वह सभी विकास कार्य एवं योजनाएं जारी रहेगी। प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे और प्रदेश में होने वाले विकास कार्योंर् में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य एवं बदलाव हुए है और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भी सरकार मजबूती से जनता के हितों के लिए काम करेगी और जो विकास कार्य एवं योजनाएं प्रदेश में चल रही हैए वे सभी पूर्व की भांति चलती रहेगी। कंवरपाल के कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ लेते ही उनके समर्थकों और जगाधरी विधानसभा में खुशी की लहर है। देर रात तक भी उनके आवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। ईमानदारए स्वच्छ छवि व चेहरे पर हर समय मुस्कान के धनी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।



यमुनानगर के जगाधरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

# विदेशी कलाकारों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

## परमात्मा से दिल का संबंध जोड़ें बिना उसके सच्चे बच्चे नहीं कहला सकते : बीके संतोष दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र में रशियन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा कर मंच से 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश दिया। 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात भारतीय संस्कृति का गायन संपूर्ण विश्व में है। विश्व के कोने-कोने में अनेक लोग भारतीय संस्कृति, कला और आध्यात्मिक मूल्यों को अपना कर जीवन यापन कर रहे हैं, जिसका सुंदर नजारा ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति धाम कुरूक्षेत्र सेवा केंद्र में देखने को मिला। रशिया, यूक्रेन, क्रीमिया आदि देशों से आए कलाकारों ने भारतीय संस्कृति और कला की छटा बिखेरी। मंच संचालन करते हुए बीके सुदर्शन बहन ने बताया कि यह वही रशियन कलाकारों का समूह है, जिन्हें राष्ट्रपति भवन में भी सम्मानित किया जा चुका है। यह डिवाइन ग्रुप अपनी कला के माध्यम से नैतिकता, सदाचार और खुशियां भरा जीवन जीना सीखा रहा हैं। इससे पहले कार्यक्रम की मुख्यातिथि और सूत्रधार रूस से पधारी बीके संतोष दीदी को पुष्प गुच्छ भेंट कर राजयोगिनी बीके सरोज बहन ने सम्मानित किया और सभागार में उपस्थित सभी बहन भाइयों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डिवाइन लाइट ग्रुप कुरुक्षेत्र की भूमि पर पहुंचा है, यह हम सबके लिए गर्व की बात है।

- कलाकारों ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश दिया

इन्होंने विदेश में रहते हुए भी ज्ञान की ज्योत जला कर वसुधैव कुटुंबकम की भावना जागृत की है। मुख्यातिथि बीके संतोष दीदी ने ब्रह्माकुमारी सरोज बहन और आए हुए सभी का धन्यवाद करते हुए बताया कि हम आज बहुत तरक्की कर रहे हैं, फिर भी बीमारियां और दर्द बढ़ते जा रहे हैं। क्या यह संसार प्रभु की रचना कह सकते हैं। उन्होंने बताया कि जब तक हम परमात्मा के साथ दिल का संबंध नहीं जोड़ेंगे, तब तक परमात्मा के सच्चे बच्चे नहीं कहला सकते।



कुरुक्षेत्र। भारतीय संस्कृति की कला प्रस्तुत करती विदेशी कलाकार।

# रोड़ महासभा चुनावों को लेकर दाखिल की गई याचिका का हाईकोर्ट ने किया निपटारा

करनाल। अखिल भारतीय रोड़ महासभा के चुनाव पर रोक लगाने, वित्तीय लेनदेन में अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग को लेकर दायर की गई सिविल रिट याचिका का पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने निपटारा कर दिया है। इस फैसले के उपरांत रोड़ महासभा के नये पदाधिकारियों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। क्षत्रिय रोड़ समाज के लोगों को उक्त जानकारी देते हुए रोड़ बिरादरी के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय ने जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज करनाल को दिनांक 25-10-23 को उनके समक्ष याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई याचिका पर छह महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। चौधरी शक्ति सिंह एडवोकेट ने कहा कि देश-विदेश में रह रहे लाखों लोगों की भावनाएं रोड़ महासभा के साथ जुड़ी हुई हैं। सरकार ने घरौंडा के एसडीएम को रोड़ महासभा के प्रशासक का कार्यभार सौंपा हुआ है किंतु उनके पास लोकसभा के आम चुनावों के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक जिम्मेवारियां भी हैं, इतनी व्यस्तता की वजह से उनके लिए महासभा द्वारा संचालित करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, असंध, पंचकूला और हरिद्वार में स्थित रोड़ धर्मशालाओं की समुचित देखरेख करना और निश्चित समयावधि में महासभा के नये पदाधिकारियों का चुनाव करवाना मुमकिन नहीं है। बेहतर होगा कि जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज करनाल भी मौजूदा प्रशासक के स्थान पर रोड़ महासभा की एडहॉक कमेटी बनाएं अथवा बिरादरी के ही किसी भी सक्षम अधिकारी को महासभा का नया प्रशासक नियुक्त करें ताकि निश्चित समयावधि में चुनाव संपन्न हो जाएं।

- नये पदाधिकारियों के चुनाव का रास्ता साफ हो गया

# अक्षरधाम से आए संतों ने आरती में लिया भाग

## ब्रह्मसरोवर आरती को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर पर होने वाली संध्या आरती में अक्षरधाम मंदिर गुजरात से आए हुए दिव्य संतों ने आरती भाग लिया। अक्षरधाम गुजरात के स्वामी भगवत प्रसाद दास ने ब्रहमसरोवर आरती को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उनके साथ स्वामी नारायण मंदिर कुरुक्षेत्र के स्वामी भक्त ज्ञान मंगल दास व अनेक संत महात्माओं ने आरती में भाग लिया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा व कैप्टन परमजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। गीता उपदेश स्थली कुरुक्षेत्र का सतयुग से ही के विशेष स्थान रहा है। यही वह धरती है जहां महाभारत में मोह ग्रस्त अर्जुन को गीता उपदेश दिया। हरिद्वार और बनारस की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती है। एशिया के सबसे बड़े ब्रह्मसरोवर के तट पर महाआरती से पहले विशेष धुन और मंत्रों का उच्चारण किया जाता है, जिसके बाद सारा वातावरण महाआरती के रंग में रंग जाता है।

- विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती



कुरुक्षेत्र। आरती में शामिल अक्षरधाम मंदिर गुजरात से आए संत।

### कुरुक्षेत्र में सभी तीर्थो का वास

कुरुक्षेत्र में होने वाली महाआरती में हनुमान चालीसा के बाद सभी देवी देवताओं, सभी नदियों व कुरुक्षेत्र तीर्थ की आरती होती है, क्योंकि कुरुक्षेत्र में सभी तीर्थो का वास है। ब्रह्मसरोवर को चारों युगों का तीर्थ माना गया है। भगवान ब्रह्मा ने पांच वेदियों में सबसे पहले वेदी उत्तरवेदी यहां पर स्थापित की थी। ब्रह्मसरोवर को ब्रह्मा की उत्तरवेदी के नाम से भी जाना जाता है। ब्रह्मा के नाम से ही ब्रह्मसरोवर नाम पड़ा है। पंडित बलराम के अथक प्रयासों का परिणाम है की प्रतिदिन सैकड़ों देश विदेश से श्रद्धालु लोग संध्या आरती में शामिल होते है। पं.बलराम लग्न ओर धर्म के प्रति समर्पण से संध्या आरती ब्रह्म सरोवर एक भव्य रूप में स्थापित हो चुकी है।

# घरौंडा में खड़े कंटेनर में अचानक लगी आग

घरौंडा। गांव कुटेल के पास खड़े एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। आग लगने से कंटेनर पूरी तरह से जल गया। आग लगने का कारण कंटेनर में हुई शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। कंटेनर के मालिक ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस में दी है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। सफीदो के गांव मलार निवासी मनजीत सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका ड्राइवर सचिन बिहार से गाड़ी लोड करके कुटेल स्थित गैलेक्सी फूड में लेकर आया था। गत 9 मार्च को वह कुटेल पहुंच गया था और सामान उतारने के बाद उसने गाड़ी को कुटेल मे ही खड़ी कर दी।तो गत रात्रि के समय उसकी गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण गाड़ी में हुई शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।आग लगने से गाड़ी का केबिन,इंजन, ए सी,गाड़ी के अंदर रखे गाड़ी, ड्राइवर व कंपनी के सभी कागजातों के इलावा करीब 60 हजार रुपए की नगदी व गाड़ी के अंदर रखा अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। सुबह जब गाड़ी के जलने की जानकारी उन्हें मिली तो उन्होंने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।



**वैज्ञानिक होंगे पुरस्कृत** | कुवि कुलपति ने 4 भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार देने की घोषणा की

# विज्ञान के हर क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों का अहम योगदान : प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 4 प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार देने की घोषणा की है। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि देश के चार प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों डॉ. भीम सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस, आईआईटी दिल्ली, डॉ. शांतनु भट्टाचार्य निदेशक, आईआईएसईआर, तिरूपति, डॉ. वी. नागराजा, माइक्रो बायोलॉजिकल और सेल बायोलॉजी विभाग, आईआईएससी, बेंगलुरु तथा डॉ. एस.के. सतीश, सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक एंड ओशनिक साइंसेज, आईआईएससी, बेंगलुरु को कुवि द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कारों के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वैज्ञानिक को एक पदक, प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने एप्लाइड साइंसेज, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के हर क्षेत्र में हमेशा ही भारतीय वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि कुवि देश का एकमात्र विवि है जो देश में बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान की उन्नति में अनुकरणीय योगदान के लिए देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को सम्मानित करता है।

- प्रत्येक वैज्ञानिक को एक पदक, प्रशस्ति पत्र और दो लाख की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा



### वैज्ञानिकों ने इन क्षेत्रों में किया है उत्कृष्ट कार्य

इन वैज्ञानिकों द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों का वर्णन करते हुए दानदाता स्वर्गीय श्री राम एस गोयल के नामित और आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह ने कहा कि प्रो. भीम सिंह ने सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली विकसित की है जिससे बिजली की गुणवत्ता में सुधार से सौर ऊर्जा अधिक आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, जिन्हें रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चुना गया था, ने नैनो टेक्नोलॉजी, अपरंपरागत आणविक डिजाइन और रासायनिक जीव विज्ञान के क्षेत्र में महान योगदान दिया है। प्रो. एस. पी. सिंह ने बताया कि जीवन विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. वी. नागराजा ने कई एंजाइमों की संरचना, कार्यों और तंत्रों के बारे में हमारी समझ को उन्नत किया है। वहीं भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रोफेसर एसके सतीश जो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के जलवायु वैज्ञानिक हैं, उन्होंने पृथ्वी-वायुमंडल प्रणाली के विकिरण संतुलन पर एरोसोल के प्रभाव की हमारी समझ में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें वर्ष 2012 में युवा वैज्ञानिकों के लिए राजीब गोयल पुरस्कार भी मिल चुका है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि ये सभी चार वैज्ञानिक प्रमुख राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षाविदों के फेलो चुने गए हैं।

गौरतलब है कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा विज्ञान विषयों में चार गोयल पुरस्कारों के अलावा, 2021-22 के लिए गोयल शांति पुरस्कार के लिए इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को प्रदान करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

# गाड़ियां सीज करवाने का भय दिखाकर वसूली करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

## नाका क्रॉस करवाने के लिए एक गाड़ी से प्रति चक्कर वसूले जा रहे थे 15 सौ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

खनन सामग्री से भरी गाड़ियां सीज करवाने का भय दिखाकर अवैध वसूली करने के आरोप में पुलिस ने माइनिंग गार्ड संदीप कुमार को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पर खनन सामग्री से भरी गाड़ी को नाका क्रॉस करवाने के लिए एक गाड़ी से प्रति चक्कर 15 सौ रुपये वसूलने का आरोप है।

महावीर कॉलोनी निवासी जतिन त्यागी ने बताया कि वह माइनिंग मटिरीयल से संबंधित ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है। उसके पास छह डंपर हैं। उसने एक गाड़ी पर उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव महमूदपुर निवासी प्रवेश कुमार को चालक रखा हुआ है। 12 मार्च को उसकी इस गाड़ी को भुडकला माइनिंग नाके पर उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने ई रवाना दिखाने के लिए रोका था। गाड़ी के चालक प्रवेश कुमार के पास ई रवाना नहीं था। जिस पर थाना प्रतापनगर के उप निरीक्षक प्रबंधक सतनाम सिंह को मौके पर बुलाकर उसकी गाड़ी को सीज कर दिया था।

जतिन त्यागी ने बताया कि भुड़कला माइनिंग नाका पर तैनात माइनिंग गार्ड गांव रामनगर शाहबाद निवासी संदीप कुमार ने काफी समय से उस पर दबाव बनाया हुआ था कि इस नाका से उसकी गाड़ियों को बिना एंट्री दिए नहीं जाने दूंगा। संदीप कुमार ने मेरे उपर दबाव बना कर 15 सौ प्रति चक्कर प्रति गाडी के हिसाब से नाका क्रॉस करने के लिए गैर कानूनी रुप से गाड़ियां सीज करवाने का डर दिखाकर पिछले करीब एक माह से जबरदस्ती करीब 40 हजार लिए हैं।इस अवैध वसुली के लिए माइनिंग गार्ड संदीप कुमार ने दो प्राईवेट व्यक्तियों को भी रखा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सडक निर्माण का शुभारंभ किया

**पानीपत।** जलालपुर प्रथम गांव से अतौलापुर गांव को जोडने वाली सडक का निर्माण कार्य का शुभारम्भ जलालपुर प्रथम गांव की महिला सरपंच पुष्पा रावल के ससुर सुशील रावल व अतौलापुर गांव के सरपंच प्रतिनीधि सुरेश रावल ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़ कर किया। जिससें गांव के लोगों में खुशी दिखाई दी।

### भाजपा ने ओबीसी का सम्मान किया

**पानीपत।** हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी की लहर दौड़ गई है भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र जलमाना के निवास स्थान पर गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने एकत्र हुए और मिठाई बांट कर खुशी जताई।

### चार जुआरी पकडे, 38 हजार मिले

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने काबड़ी रोड मछली मार्केट के नजदीक रेलवे लाइन के पास जुआ खेल रहे कृष्ण निवासी गांव सिवाह, सुमित व दानिश निवासी गंगाराम कॉलोनी, साजिद निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 38500 रुपए की नगदी बरामद हुई।

### चोरी का आरोपी नाबालिग पकडा

**पानीपत।** थाना समालखा की हथवाला चौकी पुलिस टीम ने बाइक चोरी के मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। गत दिनों चेकिंग के दौरान बहादुरगढ़ पुलिस ने चोरीशुदा उक्त बाइक को पकड़ा था। समालखा की हथवाला चौकी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर चोरीशुदा बाइक को कब्जा पुलिस में लिया गया था। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसकी बेल हो गई।

# क्षतिग्रस्त सड़कों का जल्द करवाएं सुधारीकरण : सेतिया

- जिला सचिवालय में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित सड़क ।

जिला सचिवालय में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के सीईओ पंकज सेतिया ने की। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत ठीक किए जाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है। बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली निगम द्वारा सड़कों के किनारे से बिजली के खंबे पीछे किए जाएं तथा चौराहों व सड़क किनारे पर जो पेड़ खड़े हैं उनकी टहनियों की छटनी की जाए। ताकि यातायात में बाधा न बने। युवा नशा करके वाहन न चलाएं। सम्बंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें और उक्त सभी पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन सड़कों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। वहां पर यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य सही ढंग से हो रहे हैं या नहीं।

#### स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश

*सीईओ ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है। वहीं उसके परिवार को भी जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर सड़कों की मरम्मत का कार्य विशेष प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने सम्बधित अधिकारियों को ट्रैफिक लाइटें ठीक करने तथा मुख्य मार्गों पर मरम्मत योग्य स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए।*

### राशन डिपो से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** ईस्ट भाटिया नगर में चोरों ने सरकारी राशन डिपो का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। आजाद नगर चौक मुंडा माजरा निवासी मामली महिंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास ईस्ट भाटिया नगर में डिपो है। 10 मार्च को उसका पति विपिन डिपो बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह डिपो पर पहुंची तो उसने देखा कि डिपो का दरवाजा खुला पड़ा है। जांच करने पर डिपो से 20 पेट्टी सरसों का तेल, 50 किलो गेहूं तथा 20 बोरी बाजरा गायब मिला।

## भाजपा अंतिम पायदान के कार्यकर्ता का करती है सम्मान

# सीएम सैनी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास की तरफ बढ़ेगा प्रदेश

**खास बातें**

- नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर निवर्तमान मेयर मदन चौहान के कार्यालय पर ढोल की ताल पर नाचकर व मिठाई बांटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर में नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर मिठाई बांट खुशी मनाते निवर्तमान मेयर मदन चौहान व अन्य कार्यकर्ता।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा चहुंमुखी विकास की तरफ बढ़ेगा। भाजपा अंतिम पायदान के कार्यकर्ता का सम्मान करती है। सामान्य कार्यकर्ता नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यह करके दिखा दिया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पदचिन्हों पर चलकर अंतिम व्यक्ति का विकास करेंगे। निवर्तमान मेयर मदन चौहान बुधवार को नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर गोविंदपुरी रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व निवर्तमान मेयर मदन चौहान के कार्यालय पर ढ़ोल की ताल पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जश्न मनाया और लड्डू व मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई।

चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने यह दिखा दिया कि एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रदेश का मुख्यमंत्री बन सकता है। भाजपा अंतिम पायदान के कार्यकर्ता का सम्मान करती है। सामान्य कार्यकर्ता नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यह कार्य करके दिखा दिया है। इसके लिए वह भाजपा शीर्ष नेतृत्व व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व धन्यवाद करते हैं। मदन चौहान ने कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन टूटने का सरकार पर कोई असर नहीं होगा। नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिछले 28 वर्षोंं से पार्टी का काम करते हुए इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उनके नेतृत्व में पूरे हरियाणा का विकास होगा। वह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं को धरातल पर लाकर आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पिछले सवा नौ साल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा को हरियाणा एक हरियाणवी एकए सबका साथ सबका विकास योग्यता के आधार पर नौकरियांए हर गरीब का विकास किया। उन्हीं पदचिन्हों पर चलकर मुख्यमंत्री नायब सैनी हर अंतिम व्यक्ति का विकास करेंगे।

मौके पर मंडल अध्यक्ष विभोर पहुजा, हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के सदस्य रोचक गर्ग, अमन सग्गड़, ओमपाल, शुभम राणा, दिनेश कांबोज, जगदीश बब्बर, दिनेश पोसवाल, विकास बोहता व सतीश चौधरी आदि मौजूद रहें।

# रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से 92 लोगों ने किया रक्तदान

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर (रादौर) में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज. रादौर



**रादौर।** यमुनानगर के ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो :हरिभूमि

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर (रादौर) में बुधवार को स्कूल प्रबंधक समिति के पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि पर पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 92 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल व अन्य लोगों ने स्वर्गीय दिनेश गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व दीप प्रज्जवलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने बताया कि स्कूल परिसर में स्कूल प्रबंधक समिति के पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि पर पहला रक्तदान शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरे व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। बल्कि खुद के स्वास्थ्य को भी ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशंस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, मोना अग्रवाल, मोहन लाल गर्ग, राजकुमार गर्ग, बिट्टू कंसल, सुदेश बंसल, रोहित गर्ग, नीला गर्ग, स्वीटी कंसल, अमित सिंघल, राजेश सरदाना, राजकुमार चोपड़ा, संजीव सैनी, विनोद कुमार, संजय कुमार व पूजा पुजारा आदि मौजूद रहे।

### शहीद उधम सिंह के शौर्य पर समाज के लोग करते हैं गर्वः प्रकाश

**रादौर।** जिला कांबोज सभा की ओर से बुधवार को शहर की कांबोज धर्मशाला में शहीद उधम सिंह कांबोज के 83वां शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला काम्बोज सभा के जिला सचिव वेद कांबोज व जगमाल सिंह रतनगढ़ मुख्यतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर व वन्दे मातरम गाकर किया गया। इस अवसर पर काम्बोज सभा के जिला सचिव वेद प्रकाश ने कहा कि आज के दिन ही शहीद उधम सिंह ने लंदन में जनरल ओडवायर को मारकर जलियांवाला बाग के हत्याकांड का बदला लिया था। तभी से इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश को आजाद करवाने में अनेक वीरों ने अपना बलिदान दिया है। वहीं शहीद उधमसिंह काम्बोज की वजह से समाज के लोग गौरव महसूस करते है। उनके जीवन चरित्र से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। युवाओं को शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर समाजसेवी अमित काम्बोज, राजीव आर्य सन्नी, रामेश्वर सिली, सतीश सिली, राजपाल मंधार, सतीश संधाली, ओम प्रकाश चमरोड़ी व प्रेम गुप्ता आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के रादौर में शहीद उधम सिंह कांबोज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में जल संरक्षण एवं प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

## कार्यशाला में विधार्थियों को बताया जल संचय का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



केंद्रीय भूजल बोर्ड उत्तर पश्चिमी क्षेत्र चंडीगढ़ द्वारा आईक्यूएसी, सामाजिक कार्य विभाग, वनस्पति वज्ञिान विभाग व भूगोल विभाग और गुरु नानक खालसा कॉलेज के इको-क्लब के सहयोग से कॉलेज में जल संरक्षण और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घघाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने किया। कालेज प्रिंसिपल डॉक्टर हरद्रिं सिंह ने वर्षा जल संचयन और भूजल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण मौके पर केंद्रीय भूजल बोर्ड चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक अनुराग खन्ना के कुशल मार्गदर्शन में विभन्नि विशेषज्ञों द्वारा भूजल के विभान्न आयामों पर बातचीत भी हुई। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत सीजीडब्ल्यूबी चंडीगढ़ के भूभौतिकीवदि् सुनील कुमार के व्याख्यान से हुई। जन्हिोंने /"बुनियादी अवधारणाओं हाइड्रोजियोलॉजी और जलभृत प्रणाली/" पर बात की। वरष्ठि वैज्ञानिक वीएन नेगी ने हरियाणा राज्य में भूजल परिदृश्य'' पर व्याख्यान दिया। वहीं आयुष केशवानी वैज्ञानिक सीजीडब्ल्यूबी ने /"भूजल जांच में भूभौतिकीय तकनीकों का अनुप्रयोग/" विषय पर प्रकाश डाला। इसके बाद केजी भरतारिया का व्याख्यान हुआ। भरतारिया ने हरियाणा में भूजल गुणवत्ता पर प्रस्तुति दी। वही, आईईसी विशेषज्ञ भूपिंदर सिंह ने अटल भूजल योजना की प्रस्तुति दी।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान में भाग लेना जरुरी

- नेहरू युवा केंद्र यमुनानगर ने मतदाता जागरुकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर।** नेहरू युवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में दीवारों पर पोस्टर चस्पाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करते युवा मंडल के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

नेहरु युवा केंद्र यमुनानगर के तत्वावधान में केंद्र कार्यालय परिसर में मतदाता जागरुकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान युवाओं ने दीवारों पर पोस्टर चस्पाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुर किया। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना महत्वपूर्ण होता है। इसलिए नागरिक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान में अवश्य भाग लें। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा खंड व जिलास्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान केंद्र से जुड़े युवाओं द्वारा पोस्टर मेकिंग कर नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाया जा रहा है और उन्हें मतदान में अवश्य भाग लेने के लिए जागरुक किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने बताया कि इस सामाजिक अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में युवा और समुदाय के सदस्यों को वोट करने के महत्व को समझाने के साथ साथ उन्हें वोटर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह स्वयं व अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान के महत्व के बारे में जागरुक करें और मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित करें। मौके पर युवाओं ने अभियान चलाकर दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर लोगों को मतदान में भाग लेने के लिए जागरुक किया।

# जागरुकता से ही एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से हो सकता है बचावः डॉ. मंगला

- जिला नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण अभियान के तहत एड्स से बचाव जागरुकता का हुआ कार्यक्रम
- रैली निकालकर जानलेवा बीमारी एड्स से बचाव के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण अभियान के तहत जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्य मंगला।

जिला नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण अभियान के तहत एड्स से बचाव जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एड्स से बचाओ जागरुकता रैली निकाली गई। जिसे अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्य मंगला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किए गए विभिन्न उपाय व नीतियां काफी प्रभावी रही हैं। उन्होंने बताया कि इससे एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) के प्रयोग से एड्स के कारण मरने वालों की संख्या में कमी आई है। एचआईवी अथवा एड्स से बचाव केवल जागरूकता द्वारा ही लाया जा सकता है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्य मंगला ने बताया कि जिले में एड्स से बचाव अभियान 22 मार्च तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण कई कारणों जैसे संक्रमित रक्त चढाने से, संक्रमित सूई के प्रयोग से, असुरक्षित यौन संबंध से व एचआईवी संक्रमित मां से उसके होने वाले बच्चे को आदि से होता है। मौके पर उप सिविल सर्जन-आईसीटीसी डॉ. अनूप गोयल ने बताया कि एड्स पीड़ित की सहायता के लिए सरकार द्वारा 2250 रुपये प्रतिमाह पेंशन के रूप मे योजना शुरू की है।

# जतिन की टीम ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नाचरौन(रादौर) में चल रही दो दिवसीय स्पोर्टस मीट का हुआ समापन
- समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**रादौर।** यमुनानगर के ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित स्पोर्टस मीट में वॉलीबाल प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नाचरौन(रादौर) में चल रही दो दिवसीय स्पोर्टस मीट जोश-2024 का समापन हो गया। स्पोर्टस मीट के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में अमर ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल कलरी जागीर के प्रिंसिपल प्रवीन कांबोज ने भाग लिया। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा व फॉर्मेसी प्रिंसिपल डॉ. अश्विनी ढींगरा द्वारा मुख्यातिथि को शील्ड व शॉल भेंट देकर सम्मानित किया।

इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल ने भाग लिया। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा ने बताया कि स्पोर्टस मीट में आयोजित हुई वॉलीबाल प्रतियोगिता में जतिन की टीम ने विजय प्राप्त की।

वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता में दानिश की टीम ने जीत हासिल की। जबकि 100 मीटर दौड़ में साहिल ,अशरफ व योनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर व रिले रेस में सन्नोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम में निखिल और पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह चैस में फैजानुल ने प्रथम, शॉटपुट में अनिरुद्ध व खुशी ने प्रथम पुरस्कार जीता। सैक रेस में मारुफ, टेबल टेनिस में शिवम व पलक, बैडमिंटन में अकरम व दिव्य ने प्रथम स्थान हासिल किया।

क्रिकेट मैच में हर्ष अरोड़ा की टीम थंडर स्ट्राइकर्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस दौरान पीयूष मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी निखारते हैं। चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कन्वीनर डॉ. नेहा यादव, कुलदीप गुप्ता,डॉ. स्मिता नरवाल, कोमल अहुजा, संजय पुंडीर, सुनील कुमार, विकास गर्ग, विकास कौशिक, डीपीई विक्रांत मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## एनआईटी में कार्यशाला का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भौतिकी विभाग राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली ने संयुक्त रूप से नैनोटेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का आयोजन एमईआईटीवाई द्वारा वित्त पोषित आईएनयूपी- आई2आई कार्यक्रम के तहत किया गया था।



## भाजपा लोस कार्यालय पर बटे खुशी के लड्डू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिला लोकसभा कार्यालय पर कुरुक्षेत्र के सांसद व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने पर भाजपा जिला कुरुक्षेत्र की बैठक जिलाध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष रवि बतान ने सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व आभार व्यक्त किया व सभी कार्यकताओं को लड्डू खिला कर बधाई दी व खुशी का इजहार किया तथा साथ ही सभी कार्यकताओं का आने वाली चुनावी परीक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

### लॉग जंप में नमन और लवप्रीत ने मारी बाजी

# भगवान परशुराम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम कॉलेज में 12वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रशासक एवं अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र डॉ. वैशाली शर्मा ने की। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल एवं खेल समिति के सदस्यों ने अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य ने दोनों अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए सम्मान का विषय है कि आप दोनों अपने व्यस्त समय में समय निकाल कर इस वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाने के लिए और विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने के लिए हमारे मध्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जो विद्यार्थी भगवान परशु राम कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर रहें है वे सौभाग्यशाली हैं कि वे गीता स्थली में स्थापित इस कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में देश में जो नाम रोशन किया है, उसमें इस कॉलेज के विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इस अवसर पर कॉलेज प्रशासक एवं अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि बच्चों के विकास में जितना योगदान एकेडमिक गतिविधियों का होता है उतना इस प्रकार की एक्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटी का होता है। उन्होंने लड़कियों के अच्छी भागीदारी के लिए भी बधाई दी और कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, चाहे वह खेल से संबंधित हो या सांस्कृतिक गतिविधियों से सदैव बढ़-चढ़कर भाग लिया है। हमारे महाविद्यालय ने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी तैयार किया है।





कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 61 खिलाड़ियों ने प्राप्त किए पदक

इसी अवसर पर खेल समिति एवं संयोजक डॉ. सौरभ त्रिखा ने वार्षिक खेल रिपोर्ट पढ़ते हुए बताया की कॉलेज के 16 खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रतिनिधि के तौर पर विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व किया है और लगभग 61 से ऊपर खिलाड़ियों ने विभिन्न इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया है। खेल समिति के संयोजक डॉ. हीरा लाल शर्मा एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में हमने तीन इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया है। हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि कुछ दिन पहले ही हमारे कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन कुमार का भारतीय नौसेना में खेल-कोटा के अंतर्गत चयन हुआ है।

### ये रहे परिणाम

खेल प्रतियोगिता- 400 मीटर दौड़ (ब्वॉयज) में प्रथम स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र मोहित व द्वितीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अंक्षु तथा तृतीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र नमन ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ (गर्ल्स) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा लवप्रीत, द्वितीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सलमा तथा तृतीय स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की शीतल ने प्राप्त किया। इसके अलावा डिस्कस (ब्वॉयज) प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अंकुश ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र आर्यन ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस (गर्ल्स) प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऊषा ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा भारती ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा तरुण कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लॉग जम्प (ब्वॉयज) में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र नमन ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र सुधीर ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र विनय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉग जम्प (गर्ल्स) प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा लवप्रीत ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा रूमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली का लाभ उठाएं सभी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिहोवा में बुधवार को दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों व प्रतिष्ठानों में डीएसटी के प्रति और अधिक रुचि लेना व कमियों को दूर करना रहा। बैठक में कुलवंत इलैक्ट्रॉनिक, अनुराग केयर सैंटर, सेंसज पेपर इंडस्ट्री और संदीप कोरपोरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आईटीआई के अधिकारी सतीश कुमार ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को डीएसटी के मुख्य लाभ व छात्रों के बेहतर प्रशिक्षण सम्बंधी विस्तृत चर्चा की तथा प्रतिष्ठान को आने वाली समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

संस्थान के कनिष्ठ शिक्षुता व प्लेसमेंट अधिकारी मोहन शर्मा ने सभी प्रतिष्ठानों को भविष्य में छात्रों को और बेहतर प्रशिक्षण देने व नये व्यवसायों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से वर्ग अनुदेशक सतीश कुमार, मोहन शर्मा, कर्ण धवन, लव कुमार, सुमित आहुजा, मनीष तथा कविता नैन उपस्थित थे।

## नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर जताई खुशी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी व ग्रामवासियों ने लड्डू बांटकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सेवा सिंह ,कुलदीप सिंह, गुरुदेव फौजी, अमर सिंह, बलविंदर सिंह, बलदेव सिंह, होशियार सिंह, कुलदीप सिंह व सोहनलाल, गुरदेव सिंह,उदय ईशाकपुर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करते सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी व अन्य।



कुरुक्षेत्र। खाद्य पदार्थ के निर्मरण की जानकारी लेती छात्राएं।

## डाइट पलवल में दो दिवसीय खाद्य संरक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में बुधवार उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हो रही दो दिवसीय खाद्य संरक्षण कार्यशाला का सफल समापन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर के दिशा निर्देशन में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ प्रभारी एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ श्रेष्ठ द्वारा आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सत्या रानी फाउंडर ऑर्गेनिक फूड्स मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही जिन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को आंवले के लड्डू, आंवले का मुरब्बा, गाजर का मुरब्बा, मिर्च-अदरक का अचार, गाजर गोभी का अचार जैसी कई आकर्षक चीज बनाना सिखाया। इस कार्यशाला में लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया।

## अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

- डीटीपी अशोक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 1 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने कहा कि राजस्व संपदा गांव दर्रा कला में 1 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कारवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी अशोक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा गांव दर्रा कला में जिला कारागार के पीछे स्थित 2.5 एकड़ में पनप रही 1 अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सड़कों व सीवरेज के नेटवर्क को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा गांव दर्रा कला में जिला कारागार के पीछे 1 अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरुरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।



## संगीत हमारे मन मस्तिष्क को बल प्रदान करता

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में तीन दिवसीय आचार्य केंद्रित संगीत वर्ग का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित ऋषिराज हिंदू शिक्षा समिति प्रांत अध्यक्ष एवं सुभाष भारती सेवा भारती प्रमुख, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के प्रशिक्षक, अनिल कुलश्रेष्ठ श्रीमद् भागवद् गीता विद्यालय प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर, विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर प्रांत संगीत विषय संयोजिका रजनी ने मंच पर आसीन सभी महानुभावों का परिचय करवाया और बताया कि विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों में से एक संगीत विषय भी है। बालक के पंचकोषीय विकास में मनोमाय कोष का विकास संगीत से होता है।

## कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाए व बांटी मिठाई

- भाजपा पार्टी जिंदाबाद नायब सैनी जिंदाबाद के नारे भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा मेंन चौक पर एकत्रित होकर ढोल बजाकर नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पटाखे चलाकर व मिठाइयां बताकर खुशी का इजहार किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अवनीत वड़ैच, जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर, नगर पालिका पिहोवा के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य सुखदेव सिंह मेहता, मनीष पुरी, अजय रोहिल्ला, विजय पुरी, शशि शर्मा, नरेंद्र तनेजा, पूरा पार्षद दिनेश तिवारी, विक्की वर्मा, ओंकार शर्मा, श्रवण वर्मा, प्रकाश वर्मा विनोद कुमार, मुकेश सहित अनेक महिलाओ व भारी संख्या में कार्यकर्ताओ ने खुशी का इजहार किया और भाजपा पार्टी जिंदाबाद नायब सैनी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वही बुधवार को भाजपा कार्यकताओं एवं सिख समाज की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सरदार लखविंद्र सिंह कंबोज ने कहा कि भाजपा ने नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर ओबीसी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सिख समाज का बड़ा तबका ओबीसी वर्ग में आता है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भाजपा सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर समाज के लिए भी ऐतिहासिक कार्य करेगी।



## शिवसेना हिंदुस्तान अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव : पवन गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाराणा प्रताप सभा भवन राजपूत धर्मशाला में शिव सेना हिंदुस्तान व हिंदुस्तान शक्ति सेना के राष्ट्रीय प्रमुख पवन गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष जागीर मोर ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में अकेले ही चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे हरियाणा में बैठकों का सिलसिला जारी है। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। आचार संहिता लगते ही उम्मीदवारों के नाम की घोषणा विधिवत रूप से कर दी जाएगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक चल रही है। ऐसा राजनीतिक नेतृत्व जोकि जनता की उम्मीद पर खरा उतर सके और उन्हें समान अधिकार, शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और देश के अन्नदाता की कदर समझकर उसे वह सम्मान दिला सके जिसका वह बरसों से हकदार है।



कुरुक्षेत्र। शिवसेना हिंदुस्तान व हिंदुस्तान शक्ति सेना के प्रमुख पवन गुप्ता व जगीर मोर पत्रकारों से बातचीत करते।



## दीपक को भाजपा एससी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाने पर जताया आभार

**कुरुक्षेत्र।** गांव चनालहेड़ी निवासी दीपक कुमार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हल्के मे खुशी की लहर है। दीपक कुमार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए राज्य मंत्री संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष रवि बतान एवं अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सुल्तान अजराना, जिला सचिव लाडी पाल का आभार व्यक्त किया। दीपक कुमार ने कहा कि वे अपने कर्तव्य को निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे।

## कुरुक्षेत्र लोस सीट को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा। भाजपा नेता संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल बना हुआ है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में भी हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा था और अब और ज्यादा तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि आज जो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बने हैं वह पहले ही कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद है। उसके बाद लगभग पांच महीने पहले हरियाणा के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बने हुए थे। इससे हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों के साथ-साथ कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने से कुरुक्षेत्र जिले व लाडवा हल्के का भी चहुमुखी विकास होगा। हम सभी को उनके हाथ मजबूत करने चाहिए और संगठन को भी मजबूत करना चाहिए। मौके पर घनश्याम काम्बोज, देवराज, शुभम कुमार, कंवरजीत, अनुज गर्ग आदि मौजूद थे।



लाडवा। अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता संदीप गर्ग।

## गांव बाहरी में लड्डू बांटे, किया खुशी का इजहार



कुरुक्षेत्र। लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता।

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर गांव बाहरी में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व छात्र नेता गौरव सैनी और भाजपा नेता सुमित सैनी बाहरी ने कहा कि नायब सिंह सैनी एक कर्मठ व पार्टी के निष्ठावान नेता हैं। पार्टी हाईकमान को उनकी योग्यता और कार्यकुशलता पर पूरा भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी नायब सिंह सैनी को सौंपी गई है। नायब सिंह सैनी के सीएम बनने से प्रदेशभर के कार्यकताअरं में उत्साह व उमंग है। कार्यकताअरं में नवऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ विकास करवाया गया है। हरियाणा के विकास को नम्बर वन बनाया है। उनके कार्यकाल को अंत्योदय उत्थान, प्रशासनिक सुधार, ईमानदार शासन व 36 बिरादरी की सरकार में भागीदारी के रूप में जाना जाएगा। नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विकास और ईमानदार सरकार की परमपरा को आगे लेकर बढ़ेंगे इस मौके पर पूर्व सरपंच राम प्रसाद कश्यप, बहादुर सिंह, संदीप सैनी, वीरेन सैनी, सागर सैनी, छोटा सैनी,सोरण सैनी व गांववासी मौजूद रहे।

## कुलपति ने वर्ष 2024 में पांच नए पेटेंट के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि केयू ने नवाचार और अनुसंधान की उत्कृष्ट संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है जिसके लिए इकोसिस्टम विकसित किया गया है। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने वर्ष 2024 में पांच नए पेटेंट अवार्ड होने की घोषणा करते हुए संकाय शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अब कुल 17 पेटेंट प्रदान किए गए हैं, जो अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में केयू की योजना अधिक से अधिक पेटेंट दर्ज करने की है इसके साथ ही अनुसंधान एवं वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर एमओयू करने पर जोर दिया जा रहा है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पेटेंट सफलता में नवाचार और पेटेंट के प्रोफेसर के रूप में मानद प्रोफेसर एवं केयू के पूर्व प्रतिष्ठित छात्र डॉ. रमेश मेहता ने बिना किसी शुल्क के स्वेच्छा से अपनी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन द्वारा विश्वविद्यालय को पेटेंट दाखिल करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा वर्ष 2024 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को दिए गए पांच नए पेटेंट अवार्ड होना हमारे संकाय, शोधकताअरं और सहयोगियों के समर्पण और कड़े परिश्रम का परिणाम हैं।



### धर्मनगरी में पांच एकड़ मे बनेगा गुरु रविदास धाम स्मारक

# मुख्यमंत्री 15 को करेंगे गुरु रविदास धाम का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उमरी चौक पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज को समर्पित गुरु रविदास स्मारक-धाम का निर्माण कराया जा रहा है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ मे बनने वाले गुरु रविदास धाम स्मारक का भूमि पूजन नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 मार्च को करेंगे। उनके साथ हरियाणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार स्थानीय विधायक सुभाष सुधा भी इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद रहेंगे। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रधान संगठन महामंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चे के उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गुरु रविदास धाम का निर्माण कार्य शुरू करना रविदासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा है कि आध्यत्मिक - धार्मिक विश्व प्रसिद्ध नगरी-कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ में श्री गुरु रविदास मंदिर धाम के बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले सप्ताह हरियाणा विधानसभा सत्र में कर दी थी। कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 647 वे जन्मोत्सव पर यह गुरु रविदास स्मारक-धाम समाज को समर्पित है। कटारिया ने बताया कि सरकार धर्मनगरी में श्रीगुरु रविदास मंदिर धाम बनाने की कार्य से समाज में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं अनेकों प्रयास कर प्रदेश सरकार व संगठन में सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद कृष्णा पवार, मोर्चा अध्यक्ष एवं विधायक सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में रविदासी समाज के लोगों की यह मांग लंबे समय से सरकार के पास विचाराधीन थी को समय-समय पर सरकार के समक्ष रखने का कार्य किया है और गुरु रविदास स्मारक-धाम के लिए 15 मार्च का दिन ऐतिहासिक होगा।



कुरुक्षेत्र। गुरु रविदास धाम बनाने पर कैबिनेट मंत्री डॉ.बनवारी लाल का आभार व्यक्त करते सूरजभान कटारिया।

## खबर संक्षेप

### सात आरोपित गिरफ्तार चोरीशुदा सामान बरामद

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रामनाथ व 6 आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कियया है। जॉनसन लिफ्ट के सहायक प्रबंधक रघुबीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सरकारी अस्पताल से किसी ने लिफ्ट का सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब सात आरोपियों को काबू किया है।

### लूट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। राजा गार्डन के अशोक कुमार ने 5 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मंडौर के पास दो अज्ञात आरोपियों ने देसी कट्टे की नोक पर उससे लूटपाट की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने इस मामले में आरोपी रमेश को काबू किया है।

### नायब के सीएम बनने पर मिठाई वितरित की

**बराड़ा।** कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नायब सैनी के प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की खबर आते ही एमपीएन कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर सबने एक-दूसरे को बधाई दी गई। प्रिंसीपल डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि प्रदेश के नए सीएम नायब सैनी पूर्व में एमपीएन कॉलेज के छात्र रहे है। उन्होंने कॉलेज में बीए कक्षा में दाखिला लिया था।

### धनौर जैन स्थानक में पहुंचे जैन मुनि

**मुलाना।** लौह पुरूष घोर तपस्वी पुज्य गुरूदेव ओम मुनि महाराज के सुशिष्य श्रवण संघीय गौरव सौरभ मुनि महाराज व युवा मनीषी कार्यकर्मठ योगी विज्ञान मुनि मुलाना जैन स्थानक से पद विहार कर धनौरा जैन स्थानक पंहुचे। विहार के समय जैन समाज के सदस्य मौजूद रहे। वहीं धनौरा पंहुचने पर समाज ने जैन संतों का भव्य स्वागत किया।

### ओबीसी वर्ग को सम्नान देने पर जताया आभार

**मुलाना।** कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री चुने जाने की खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव करम सिंह गुज्जर ने कहा कि सैनी का मुख्यमंत्री बनना ओबीसी वर्ग के लिए बड़े सम्मान की बात है। पहली बार ओबीसी वर्ग से मुख्यमंत्री बनाया गया है।

### मेयर ने जरुरतमंद बच्चों को बांटे जूते

**अंबाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने अंबाला शहर के विभिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को जूते वितरित किए। इस दौरान शक्तिरानी शर्मा ने सुलतानपुर, काकरू व सद्दोपुर स्थित सरकारी स्कूल में जाकर बच्चों को जूते वितरित किए। मीडिया से बातचीत करते शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जन्म दिन था और उस दिन कोई प्रोग्राम नहीं किया। जिसके बाद तय किया कि बच्चों को शूज देकर उनका जन्म दिन मनाया जाए।

## कौंला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर समाप्त, शुभम व अनन्या सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक बने

# छात्रों को निस्वार्थ भाव से जीवन में आगे बढ़ने का दिया संदेश

### स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** स्वयंसेवकों को संबोधित करते पूर्व प्राचार्य जेएस जैन।

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा गांव कौंला में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत व पिछले दिन की रिपोर्ट के साथ हुई। सौंदर्य और स्वयं को संवारना विषय पर इनर व्हील क्लब की ओर से एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नीतिका सिंह ने त्वचा के प्रकार, घर में फेसपैक बनाना, हेयर स्टाइल बनाना सिखाया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने यहां मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व प्राचार्य जेएस नैन और इनर व्हील क्लब की प्रधान वंदना गोयल का स्वागत किया। गोयल ने अपने भजन से वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया। नैन ने स्वयंसेवकों को महात्मा हंसराज जी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व से परिचित कराया और उन्हे निस्वार्थ भाव से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई समाज को सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ स्वयंसेवकों में सामाजिक सहभागिता, सेवा और संस्कार की भावना पैदा करती है। स्वयंसेवकों को शिविर के दौरान सीखे गए अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात कर देश और समाज के उत्थान में कार्य करना चाहिए। शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियां मिटाने का संदेश दिया। छात्राओं ने एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गरिमा सुमरान ने 7 दिनों तक चले शिविर की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों की दिनचर्या में योगासन, स्वच्छता, श्रमदान एवं सेवा का काम शामिल रहा। उन्हें साइबर क्राइम, यातायात नियमों, नशा मुक्ति, मेडिटेशन, एच आई वी-एड्स, यौन संचारित रोगों, प्रिंट मीडिया, वोट का महत्व, प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुखदेव सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। पुरस्कार वितरण समारोह में शुभम पांडे और अनन्या सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुने गए। नैन व प्रोफेसर राजीव महाजन ने स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र दिए।


**अंबाला।** घर-घर कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा। *फोटो: हरिभूमि*

# करोड़ों का बजट फिर भी अधर में लटका छावनी का विकास

- कांग्रेस नेत्री चित्रा ने साधा निशाना, 'घर-घर कांग्रेस' कार्यक्रम में चले तो भाजपा राज में दर-दर बुरे हाल दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने बुधवार को छावनी के 12 क्रॉस रोड व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान के तीसरे चरण में डोर टू डोर कार्यक्रम में साथियों के साथ लोगों से मुलाकात की। दुर्व्यवस्था पर उनके दुखड़े सुने। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल, यादव समाज के प्रधान करण यादव व अनेकों महिलाएं व युवा और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे। जिस भी गली में गए, तो लोग भाजपा सरकार और प्रशासन को कोसते मिले। चित्रा ने कहा की हां चारों तरफ करोड़ों रूपये लगने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है परंतु न जाने वो पैसा कहां बह गया है क्यूंकि धरातल पर तो लगा हुआ दिख नहीं रहा। गालियों-नालियों की बेहाली देखते हुए चित्रा ने भाजपा नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा की भाजपा की सरकार बने लगभग साढे 9 वर्ष हो रहे है पर छावनी में इस दौरान कथित लाखों-करोड़ों रुपये के विकास की हकीकत ये है कि लोगों को चलने के लिए साबुत सड़क नहीं, नालियां गंदगी और पानी से अटी पडी हैं। कूडे के ढेर सिर तक चढ़े हुए हैं और हर मां बच्चों की बेरोजगारी की व्यथा सुना रही है। उन्होंने कहा कि यहां सड़कों के मशहूर खड्डे न जाने कितनी गाडियों,स्कूटर और रीढ़ की हड़्यि क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। मौजूदा सरकार की पार्टी और नेता को बरसों मौका दिया लेकिन उन्होंने लोगों के इस आशीर्वाद का मान नहीं रखा। पिछले लगभग साढ़े 9 सालों से छावनी की सड़कें बन रही हैं पर अब तक एक भी सड़क पूरी नहीं हुई। घटिया सामग्री इस्तेमाल होने के कारण कई सड़के एक नहीं दो नहीं तीन बार खुद कर बन चुकी है पर वो टूटी ही पड़ी हैं। टेंडर पर टेंउर चल रहे हैं पर पैसा जा कहां रहा है इसका कोई रिजल्ट नहीं दिख रहा। रोज सड़कें खोद दी जाती हैं बनेगी कब ये किसी को नहीं पता होता।

# सरकारी ग्रांट का रिकॉर्ड जांचा

- जिला परियोजना संयोजक ने दुराना में सरकारी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** छात्रों के आई कार्ड चेक करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुराना में बुधवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक सुधीर कालडा व एपीसी अनिल जगदेव ने औचक निरीक्षण किया l इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनजीत कौर ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया l इस दौरान उन्होंने समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री विद्यालयों को मिलने वाली सभी ग्रांट का एक एक करके निरीक्षण किया l उन्होंने स्कूल मे ग्रांट को खर्च करने वाली कमेटी सदस्यों से भी बात की। साथ ही स्कूल में हो रहे कार्यों का जायजा लिया l इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय ,साइंस ,मैथ्स लैब , किचन गार्डन ,कंप्यूटर लैब, कक्षा कक्ष, मिड डे मील, खेल मैदान ,टॉयलेट ,वर्मी कंपोस्ट फंड से संबंधित कैश बुक का निरीक्षण किया l इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ मीटिंग की और भविष्य मे विद्यालय सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जांच के दौरान गांव दुराना की सरपंच कुमारी मनीषा भी मौके पर उपस्थित रही।

# भाजपा में ही निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान

- सांसद नायब सैनी के सीएम बनने पर पार्टी नेताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


**मुलाना।** सांसद सैनी के सीएम बनाए जाने पर खुशी जताते भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा नेता नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री चुने जाने की खुशी में बुधवार को पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य अशोक जैन की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मुलाना बाजार में लड्डू वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। राजबीर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी एक कर्मठ व पार्टी के निष्ठावान नेता हैं। पार्टी हाईकमान को उनकी योग्यता और कार्यकुशलता पर पूरा भरोसा है इसलिए प्रदेश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सैनी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में उस धारणा को बदल डाला है। जिसमें कहा जाता था कि पिता के बाद उसके बेटे को ही आगे की कमान मिलेगी। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने प्रत्येक निष्ठावान कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया है। भाजपा पार्टी में जात पात को स्थान नहीं दिया जाता । हर कार्य कर रहे वर्कर को उच्च दर्जे का सम्मान दिया जाता है। इस दौरान कार्यकर्ता ढ़ोल की थाप पर झुम कर नाचे। वहीं पुरे मुलाना बाजार में लड्डू वितरित किए गए। मौके पर ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन रविशेर, प्रवक्ता श्रीपाल जैन, मोनिका कालड़ा, मुलाना मंडल अध्यक्ष जरनैल तलहेड़ी, मोहित शर्मा, यशपाल मलिक, रीटा धनौरा, जगमोहन जैन आदि मौजूद रहे।



### एमपीएन कॉलेज में शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला छात्राओं को उद्यम क्षमता बढ़ाने का मिलेगा मौका

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में छात्राओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के लिए दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को बढ़ावा देना है। यह कार्यशाला इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में की जा रही है। इस कार्यशाला के द्वारा एमए, बीए. तथा बीकॉम की छात्राओं की उद्यम क्षमता को बढ़ाने के लिए साक्षात्कार कौशल को निखारा जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने बताया कि साक्षात्कार कौशल को सीखने से संचार, अपना परिचय तथा योग्यताएं बताना, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा बॉडी लैंग्वेज जैसी अनेक क्षमताओं में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन विशेष कर छात्राओं के लिए किया जा रहा है क्योंकि समाज में स्त्री वर्ग कहीं न कहीं पीछे है।

# कलश यात्राएं निकालेंगे किसान

- शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने किया ऐलान, पंधेर बोले सरकार को मांगें मानने के लिए किया जाएगा मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण की अस्थियों के जरिए अब किसान केंद्र सरकार को घेरेंगे। साथ ही हरियाणा की भाजपा सरकार को भी निशाना बनाएंगे। किसानों ने ऐलान किया कि शुभकरण की अस्थियों को लेकर वे हरियाणा में कलश यात्राएं निकालेंगे। साथ ही दूसरे राज्यों में भी सरकार की बर्बरता का सच बताएंगे। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बुधवार को शंभू बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत करते हुए युवा किसान की अस्थियों की कलश यात्राएं निकालने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को युवा किसान शुभकरण के गांव से अस्थियों का कलश लेने जाएंगे। कलश को बॉर्डर पर लेकर आएंगे। उसके बाद हम गांव-गांव जाकर कलश यात्रा निकालेंगे। सरकार से पूछेंगे कि शुभकरण को क्यों शहीद किया? 17-18 मार्च को पंचकूला, 2 दिन यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल और फिर 3 दिन अंबाला जिले में कलश यात्रा निकाली जाएगी। 31 को अंबाला की मोहड़ा अनाज मंडी में शहीदी समागम का आयोजन किया जाएगा।


युवा किसान शुभकरण सिंह

#### व्यापारियों को हो रहा भारी नुकसान

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार की गैरजम्मिदार नीतियों की वजह से व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े ऐलान के साथ वे राज्य व केंद्र की सियासत हिलाने जा रहे है। इसके बाद सरकार उनकी मांगें मानने के लिए मजबूर हो जाएगी। पंधेरने कहा कि हरियाणा को खुली जेल बना दिया है। दल्लिी के व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। भाजपा सरकार 400 पार का नारा दे रही है। केंद्र सरकार ने सीएए लागू किया। सरकार चाहती है कि हिंदू-मुस्लिम और हिंदू-सिख आपस में भिड़ जाएं।

# मेयर ने सिंघावाला में सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बुधवार को सिंघावाला स्थित गांव में लाखों रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर निगम सदस्य सरदूल सिंह भी मौजूद रहे। गांव में बने शीतला माता मंदिर की मुख्य सड़क को बनाए जाने की लोगों की लंबे समय से डिमांड थी, जिसे आज मेयर शक्ति रानी शर्मा ने सड़क का निर्माण शुरू करवाते हुए पूरा किया। सड़क के निर्माण का कार्य शुरू करने से पहले गुरुद्वारा से आए पाठी ने पाठ किया। शर्मा ने यहां मौजूद एक कन्या से सड़क का शुभारंभ करवाया। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि 5:30 लाख रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण किया जाना है। सरदूल सिंह ने कहा कि करीब 10 सालों से सड़क की हालत खराब थी और बरसात होने के कारण हमेशा सड़क पर पानी खड़ा हो जाता था।


**अंबाला।** सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते मेयर शक्ति रानी शर्मा।

### 50 लाख की लागत से बनेगी पंचदेव मंदिर वाली गली

**अंबाला।** अंबाला छावनी में विकास कार्यों का निरंतर शिलान्यास किया जा रहा है। पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा के निर्देश पर बुधवार को महेशनगर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह जस्सी और वार्ड नंबर 8 के प्रधान सुरेंद्र सेठी की मौजूदगी में पंचदेव मंदिर वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता खरैती लाल सेठी द्वारा विधिवत रुप से नारियल फोड़कर किया गया। मीडिया प्रभारी परमिंद्र शर्मा ने बताया कि इस निर्माण कार्य पर 50 लाख रुपये की लागत आएगी। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान ने इस गली का निर्माण कार्य आरंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि अनिल विज के प्रयासों से ही आज अंबाला छावनी में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। रोजाना किसी ना किसी गली या सड़क का निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है जल्द ही अंबाला छावनी की सभी सड़कें और गलियां बनकर तैयार हो जाएंगी जिससे आम जन को सुविधा होगी। गली का निर्माण कार्य आरंभ होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर की और अनिल विज का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अब तक 20 से अधिक लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिल चुके

# साहू किशोर जैन को मिले एक साथ दो अवार्ड

- मलेरकोटला, पंजाब के दिव्य ज्योतिष मंच ने सन्त शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर अवार्ड-2024' तथा 'कर्मयोगी-2024 अवार्ड' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बाला




ज्योतिष वास्तु चक्रवर्ती सम्राट साहू किशोर जैन 'सफर' को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गत दिवस एक साथ दो अवार्ड से विभूषित किया गया। मलेरकोटला, पंजाब के दिव्य ज्योतिष मंच ने साहू किशोर जैन को 'सन्त शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी अवार्ड-2024' तथा 'कर्मयोगी-2024 अवार्ड' से सम्मानित किया। गौरतलब है कि साहू किशोर जैन न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में ज्योतिष और वास्तु के क्षेत्र में विख्यात हैं। साहू किशोर जैन को अब तक 20 से अधिक लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा कई डाक्टरेट की मानक उपाधियां भी मिल चुकी हैं।

#### प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्यो ने साहू किशोर जैन को बधाई दी

दिव्य ज्योतिष मंच के रजत जयन्ती महामहोत्सव के सुअवसर पर आयोजित भव्य समारोह में रंजीता मेहता, डा. एच.एस. रावत, डा. चन्द्रशेखर, मानवेन्द्र सिंह, डा. राकेश शर्मा, डा. सौरभ शर्मा, डा. राजन शर्मा, डा. वीरेन्द्र जैन, डा. चारवी ठाकुर, डा. दीपिका सिंह, संजीव अत्री, भावेश जैन, सुरेन्द्र सहगल, दिव्या बंसल आदि अनेक विद्वानों की मौजूदगी में उन्हें ये दोनों सम्मान प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक प्रधान डा. चन्द्रशेखर ने कहा कि साहू किशोर जैन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर एक वर्षीय अखण्ड 'अढ़ाई द्वीप पूजा' के अनुष्ठान के कारण चर्चा में आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर मोहम्मद रफी नाइटस के दो बड़े ग्रांड फिनाले आयोजित कर खूब वाह-वाही लूटी थी। देश की विभिन्न संस्थाएं इन्हें ज्योतिष पारसमणी, ज्योतिष काव्य भूषण, ज्योतिष वास्तु चक्रवर्ती सम्राट, प्राइड आफ हरियाणा, प्राइड आफ पंजाब, भारत गौरव सहित अनेक सम्मानों से विभूषित कर चुकी हैं। मंच से जुटी दिग्गज हस्तियों ने साहू किशोर जैन की सराहना करते हुए उन्हें देश की अनमोल प्रतिभा बताया। एक साथ दो सम्मान मिलने के लिए देश भर के प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्यो ने साहू किशोर जैन को बधाई दी है।

### डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में मनाया जाएगा होला मोहल्ला

**अंबाला।** बराड़ा के डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में त्रिदिवसीय होला-मोहल्ला समागम 23 से 25 मार्च तक श्रद्धा से मनाया जाएगा। डेरे के संस्थापक संत बाबा दलजीत सिंह ने बताया कि समागम मनाने के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। डेरा के प्रवक्ता जगदीप सिंह ने बताया कि शनिवार 23 मार्च को श्री अखंड पाठ साहिब रखे जाएंगे और 25 मार्च सोमवार को प्रातः 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत निशान साहिब की सेवा होगी। प्रातः 9 से 2 बजे तक कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे। इसमें रागी बीबी मनप्रीत कौर खालसा दिल्ली वाले, भाई लखविंदर सिंह शाहाबाद वाले, सुखदेव सिंह बेली रोपड़ वाले, संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा वाले, भाई सुखजिंद्र सिंह चंडीगढ़ वाले संगत को कथा, कीर्तन व गुरु इतिहास सुनाकर निहाल करेंगे।